1	2	3	4
17	Spl. prog. on Birth Anniversary of Sardar Vallabh Bhai Patel.	20'54"	4
18	Prativadi Bhayankar Swamiji A Spl. yrog. on P.B. Anangarcharya.	15'30"	4
19	Sher-E-Punjab Maharaja Ranjit Singh, Spl. prog. on Birth Anniversary	17'	4
20	Musical Homage to Late Pt. Nehru, Devoltional Song by Rajendra Jain—Live telecast from Teen Murti.	64'	4
21	Nehru—Champior of emotional integration—Feature	16'07"	4
22	Excerpts of Nehru Memorial Lecture by Carl Sagan.	17'	4

MORNING TRANSMISSION:

1	Udasin Baba, Short documentary on Shri Jagadguru Chandracharya	21'	
2	Jyoti Punj Lal Bahadur Shastri—Feature	14'	4
3	Ahimsa Aur Shanti Ka Devdoot—Prog. on Mahatma Gandhi	13'	4
4	Sharat Chandra Bose—A leader with difference: Feature	31'38"	4
5	The Eternal Abode : Shakti Sthal, Prog. on Smt. Indira Gandhi	13'	4
6	Nehru Ne Kaha Tha Hard Work Feature on Pt. J.L. Nehru's Saying	5'06"	4
7	Voice without a form Documentary on Swami Vivekanand (Repeat telecast)	15'28"	4
8	Nehru's Autobiography—Feature	13'40"	4
9	Excerpts of Nehru Memorial Lecture by Carl Sagan (Repeat telecast)	16'40"	4

मदन मोहन मालवीय पर वृत्त चित्र

764. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) क्या सरकार 25 दिसम्बर, 1991 को महामना मदन मोहन मालवीय के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर दूरदर्शन पर वृत्तचित्र प्रसारित करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार इस वृत्तचित्र को दूरदर्शन पर प्रसारित करने के लिए आवश्यक कदम उठायेगी ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) दूरदर्शन द्वारा 25 दिसम्बर 1991 को महामना मदन मोहन मालवीय के जन्म दिवस के अवसर पर कार्यक्रम प्रसारित करने का विचार है ।

(ख) यह सवाल पैदा ही नहीं होता ।

उत्तर प्रदेश में आकाशवाणी केन्द्र और दूरदर्शन केन्द्र

765. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) इस समय उत्तर प्रदेश में कितने आकाशवाणी केन्द्र हैं और वे किन-किन स्थानों पर हैं तथा उनमें से प्रत्येक की क्षमता कितनी-कितनी है ;

(ख) उत्तर प्रदेश में किन-किन स्थानों पर दूरदर्शन केन्द्र स्थापित किये गये हैं; और

(ग) उत्तर प्रदेश में कम शक्ति वाले केन्द्रों को उच्च शक्ति वाले केन्द्रों में कब तक परिवर्तित कर दिया जायेगा?